शब्दावली: भाग एक

अधोलोक (*hades*) – अधोलोक के लिए शब्द *हेडिस* का मूल अर्थ ''अदृश्य संसार'' है और इसका उपयोग यूनानी लोग ''आदर्श जगत के लिए करते थे।'' नये नियम में यीशु और अन्यों द्वारा इसका प्रयोग मृत्यु तथा पुनरुत्थान के बीच के समय के लिए किया गया है। लूका 16:19-31 में धनी व्यक्ति और लाज़र की कहानी से हमें मृतकों के उस संसार की झलक मिलती है।

कलीसिया (*ekklesia*) – कलीसिया शब्द को मिश्रित यूनानी शब्द इकलिसीया से लिया गया है। यह यूनानी शब्द आज की अंग्रेज़ी भाषा के "Ecclesiastes" "The church man" और "Ecclesiastical" ("pertaining to the church") के रूप में प्रयुक्त होता है। इकलिसीया, उपसर्ग इक (''बाहर'') और क्रिया रूप '*केलियो*' ''बुलाना'' का मेल है और इसका अक्षरश: अर्थ है ''बुलाए हुए।'' सेप्युलर समाज में, इसे ''सभा'' (अर्थात लोगों का इकट्ठा होना) (तु. प्रेरितों 19:41) कहा जाता है। परन्तु, यीशु ने, इस शब्द को विशेष अर्थ दे दिया – उसके ''अपने बुलाए हुए'' लोग (मत्ती 16:18) – और इसे प्रेरितों के काम की पुस्तक में साधारणत: इसी अर्थ में लिखा गया है। इस शब्द को विश्वव्यापी कलीसिया के लिए (प्रेरितों 2:47; KJV), स्थानीय कलीसियाओं (अर्थात मण्डलियों; रोमियों 16:16) के लिए, या उपासना सभा के लिए प्रयुक्त किया जा सकता है (1 कुरिन्थियों 14:12, 19, 23, 28)। प्रेरितों के काम की पुस्तक में, लूका ने इस शब्द को आमतौर पर स्थानीय मण्डली (अर्थात किसी विशेष क्षेत्र में सभी ''बुलाए हुए'' लोगों) के लिए इस्तेमाल किया है।

ख्रिस्तुस (*Christos*) – ख्रिस्तुस और अंग्रेज़ी शब्द ''क्राइस्ट'' इब्रानी शब्द ''मसायाह'' के यूनानी रूप से लिए गए हैं। दोनों का अर्थ है ''अभिषिक्त।'' पुराने नियम में याजकों, भविष्यवक्ताओं और राजाओं का अभिषेक किया जाता था, सो यह शब्द किसी के लिए भी प्रासंगिक हो सकता था। महायाजक (लैव्यव्यवस्था 4:3) और भविष्यवक्ताओं को ''अभिषिक्त'' (भजन संहिता 105:15) कहा जाता था। विशेषकर यह शब्द इस्राएल के राजाओं के लिए प्रासंगिक होता था (भजन 2:2; 18:50)। दाऊद ने शाऊल को मारने से इसलिए इन्कार कर दिया क्योंकि वह ''यहोवा का अभिषिक्त'' था। (1 शमूएल 24:6; तु. 2 शमूएल 1:14)। यहूदी लोग ''मसीहा'' की प्रतीक्षा कर रहे थे, जिसने राजा दाऊद के वंश में से आना था और उनकी पुरानी शान को बहाल करना था। निस्संदेह, यीशु, वही चिर-प्रतीक्षित मसीहा अर्थात मसीह/ख्रिस्तुस था (मत्ती 16:17; मरकुस 14:61, 62; यूहन्ना 4:26)। क्योंकि यीशु याजक (इब्रानियों 4:14), भविष्यवक्ता (तुलना प्रेरितों 3:22), *और* राजा भी है (1 तीमुथियुस 6:15), इसलिए उसकी इन *सभी* भूमिकाओं के लिए शब्द ''अभिषिक्त'' उसके लिए प्रासंगिक हो सकता है। जब यहूदियों ने ''मसीहा/ख्रिस्तुस'' शब्द सुना, तो एकाएक उनके मन ने उसे *राजा* के रूप में देखा। जब हम यीशु को ''मसीह अर्थात ख्रिस्तुत'' कहते हैं, तो हम उसके राजा होने की घोषणा करते हैं।

नरक (*geenna*) – नरक या 'hell' के लिए KJV में तीन शब्द प्रयुक्त हुए हैं: (1) ''गेहन्ना'' (*geenna*) दुष्टों के अनन्त ठिकाने को कहा गया है (जिसे हम सामान्यत: ''नरक'' के रूप में विचारते हैं)। (2) ''तारतरस'' (*tartaroo*), जिसका उल्लेख धर्मशास्त्र में केवल एक बार ही मिलता है (2 पतरस 2:4), यह नाम उस ''स्थान'' के बारे में बात करता है जहां दुष्ट स्वर्गदूत न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं, (3) ''हेडिस'' (देखिए ''अधोलोक'')।

पश्चाज़ाप – देखिए ''मन फिराव''

प्रिमिलेनियलिज़्म – प्रिमिलेनियलिज़्म, लातीनी शब्दों ''प्रि'' (''पूर्व'') और ''मिलेनियम'' (''हज़ार वर्षों'') का जोड़ है। मसीह के द्वितीय आगमन से पूर्व के समय को उपसर्ग ''प्रि'' से समझाया जाता है। प्रिमिलेनियलिस्टों का मत है कि प्रकाशितवाक्य 20 अध्याय के हज़ार वर्ष से पूर्व मसीह आ रहा है। (पोस्ट-मिलेनियलिस्टों का मत है कि मसीह एक हज़ार वर्ष के शासन के पश्चात् आ रहा है)। परन्तु प्रिमिलेनियलिज़्म में मसीह की वापसी से अधिक कुछ और उलझाने वाली थियोलोजी भी है। इसे एक तरह से स्वर्गीय प्रबन्ध बताया जाता है जिसकी शिक्षा के अनुसार मसीह जल्द ही इस पृथ्वी पर यरूशलेम में अपना राज्य स्थापित करेगा (साधारणत: प्रिमिलेनियलिस्ट लोग कलीसिया और राज्य में अन्तर बताते हैं)। उनकी शिक्षा के अनुसार, यीशु यरूशलेम में आकर दाऊद के भौतिक सिंहासन पर बैठेगा, (यरूशलेम में) मन्दिर को फिर से बनवाएगा, और पृथ्वी पर एक हज़ार वर्ष के लिए राज्य करेगा। वे यह समझने में नाकाम होते हैं कि प्रकाशितवाक्य 20 अध्याय का ''हज़ार वर्ष'' सांकेतिक है (प्रकाशितवाक्य की पुस्तक में प्रयुक्त अधिकतर संख्याओं की तरह), जो इस तथ्य को दिखाता है कि ''*सारा* अधिकार'' मसीह को दिया गया है (मत्ती 28:18)। प्रेरितों 2 में सुसमाचार के प्रथम संदेश में, पतरस ने घोषणा की कि यीशु अब दाऊद के सिंहासन पर बैठा है और वह अब स्वर्ग में परमेश्वर के दाहिने हाथ बैठा है। प्रेरितों के काम की पुस्तक में अनेक खण्ड प्रिमिलेनियलिज़्म की गलतियों को उघाड़ते हैं।

प्रिमिलेनियलिस्ट – देखिए ''प्रिमिलेनियलिज़्म।''

प्रेरित (*apostolos*) – प्रेरित के लिए अंग्रेज़ी शब्द 'अपोस्टल' यूनानी शब्द का लिप्यान्तरण है। यह दो शब्दों अपो (यूनानी उपसर्ग जिसका अर्थ है ''भेजना'') और स्टेलो के एक रूप (जिसका अर्थ है ''भेजना'') का मेल है। प्रेरित का मूल अर्थ है (बाहर या से) ''भेजा हुआ'' अर्थात संदेशवाहक। बाइबल के कई अन्य शब्दों की तरह ही ''प्रेरित'' को ज़ी विशेष अर्थ तथा साधारण अर्थ में लिया जा सकता है। इस शब्द को विशेष तौर पर उन बारहों (और पौलुस) के लिए प्रयुक्त हो सकता है जिनको यीशु ने भेजा, या इसे साधारण अर्थ में किसी के लिए भी प्रयुक्त हो सकता है जिसे ''भेजा गया'' हो। प्रेरितों के काम की पुस्तक में, लूका ने इस शब्द का अधिकतर प्रयोग बारह चेलों के लिए ही किया है। परन्तु, कभी-कभी, उसने इस शब्द का उपयोग साधारण अर्थ में भी किया है। उदाहरण के लिए, प्रेरितों 14:14 में बरनबास को प्रेरित कहा गया। उसे सीरिया के अन्ताकिया की कलीसिया

द्वारा भेजा गया था (प्रेरितों 13:1-3)। ''प्रेरित'' के साधारण उपयोग के और हवालों को देखने के लिए रोमियों 16:7; 2 कुरिन्थियों 8:23; फिलिप्पियों 2:25 पढ़ें (कई स्थानों पर इसका अनुवाद 'प्रेरित' है और कहीं-कहीं ''संदेशवाहक'')। आज हम सामान्यत: कलीसिया द्वारा भेजे गए व्यक्ति के लिए लातीनी भाषा के ''मिशनरी'' शब्द का उपयोग करते हैं; मिशनरी का अर्थ ''प्रेरित'' के समान ही है। हिन्दी की बाइबल में कलीसिया के इतिहास की पुस्तक प्रेरितों के काम को संक्षिप्त रूप में प्रेरितों लिखा जाता है। यदि केवल प्रेरितों हो तो आसानी से समझ में आ सकता है कि यह प्रेरितों कौन है, इसलिए यह ध्यान में रखा जाना चाहिए कि ''प्रेरितों'' शब्द का प्रयोग किस संदर्भ में किया जा रहा है। परन्तु यदि आप प्रभु के आरम्भिक चेलों के साथ इस पुस्तक को उलझा देंगे तो समझना कठिन हो जाएगा।

फरीसी (*Pharisaioi*) - ''फरीसी'' इब्रानी भाषा से लिया गया शब्द है जिसका अर्थ है ''पृथक किए हुए।'' बाइबल के दोनों नियमों के अन्तराल में मक्काबियों के शासन के दौरान यह पंथ अस्तित्व में आया। इस पंथ के आरम्भिक दिनों में, फरीसियों ने अपने आप को कुछ निश्चित राजनीतिक गुटों से पृथक रखा था। यीशु के दिनों में वे, अपने आप को उनसे अलग मानते थे जो संस्कारात्मक शुद्धि को बनाए नहीं रखते थे, और बहुतों ने अपने आप को व्यवस्था की छोटी से छोटी बात पूरी करने के लिए सामान्य जीवन से अलग कर रखा था। यहूदी धर्म में वे ''सबसे खरे पंथ'' के थे (प्रेरितों 26:5)। अधिकतर शास्त्री इन्हीं के गुट के होते थे। क्योंकि वे मनुष्यों की परम्पराओं और परमेश्वर की आज्ञाओं को एक ही बात मानते थे (मत्ती 15:1-9), इसलिए आज के संदर्भ से हम उन्हें धर्मशास्त्रीय (थियोलोजिकल) ''विधिज्ञ'' कहेंगे। निकुदेमुस एक फरीसी था (यूहन्ना 3:1), जैसे पौलुस भी था (फिलिप्पियों 3:5; गलतियों 1:14)। जोसेफस के लेखों से पता चलता है कि उनकी गिनती अधिक नहीं थी; यीशु के समय में, इनकी गिनती केवल छह हज़ार के लगभग थी। वे अपने आप को सदूकियों से कई तरह से, अलग मानते थे: इनकी कोई राजनीतिक अभिलाषाएं नहीं थीं; वे आत्माओं, स्वर्गदूतों तथा मृतकों के जी उठने में विश्वास रखते थे (प्रेरितों 23:8); वे लोगों में लोकप्रिय थे; उनमें से कई तो मसीही बन गए (प्रेरितों 15:5; 23:6); और यरूशलेम के विनाश के बाद भी उनके गुट का अस्तित्व था।

बपतिस्मा (*baptisma* or *baptismos*) - ''बपतिस्मा'' यूनानी शब्द का लिप्यान्तरण है। *बपतिस्मा* का अर्थ है ''डुबकी'' और *बपतिस्मोस* का अर्थ ''डुबोने की प्रक्रिया'' - इन दोनों में इतना कम अन्तर है कि वह अन्तर लगता ही नहीं है। इसका क्रिया रूप बैपटिज़ो है, जिसका अर्थ है ''डुबोना।'' डुबकी के लिए तत्व का निर्धारण उसके संदर्भ में ही किया जाता है। रूपक के रूप में (अर्थात, अंलकार की भाषा में), यह अभिभूत होना हो सकता है (उदाहरण के लिए, यीशु के दु:खों का बपतिस्मा, मरकुस 10:38, 39)।

भविष्यवक्ता - साधारणत: यही माना जाता है कि भविष्यवक्ता भविष्य की पूर्वसूचना देने वाले को कहते हैं, तथा पुराने नियम में भविष्यवक्ताओं के काम का यह एक

महत्वपूर्ण भाग होता था। परन्तु ''भविष्यवक्ता'' बुनियादी तौर पर ''परमेश्वर के प्रवक्ता'' को कहा जाता था। भविष्य की पूर्वसूचना देना तो किसी भविष्यवक्ता के द्वारा इस बात पर बल देने के लिए होता था कि वह प्रभु का संदेश ही है। एक भविष्यवक्ता के संदेश में *अपने समय के लोगों के लिए* चिंता होती थी। इसलिए, एक भविष्यवक्ता को परमेश्वर की प्रेरणा से भेजा हुआ कहना अधिक उचित होगा। वह ''पूर्वसूचना'' देने वाला तो कभी-कभी होता था परन्तु ''भविष्य की सूचना'' वह सदा ही देता था।

भविष्यवाणी – देखिए ''भविष्यवक्ता।''

मन फिराव (*metanoeo* **)** – या ''पश्चाताप करना'' को मिश्रित यूनानी शब्द से अनुवाद किया गया है जो ''पश्चात्'' (*मेटा*) और ''विचार'' (*नोयमा*) के मेल से बना है। इसका अक्षरश: अनुवाद पिछली बातों पर विचार या ''अनुबोध'' करके अपनी सोच को बदलना है। (ध्यान दें कि पश्चाताप *मन से होता है।* यह मेटानियो के लिए कैथोलिक बाइबल के ''do penance [प्रायश्चित करना]'' के विपरीत है। पश्चाताप ''मन को फिराना'' है (तु. मत्ती 21:29; इब्रानियों 12:17 के अनुवाद), और उस अर्थ में यह परमेश्वर के लिए भी हो सकता है (उत्पत्ति 6:6)। परन्तु, मनुष्य के लिए इस शब्द का प्रयोग करते समय, इसका अर्थ साधारणत: पाप न करने का निर्णय और/या कोई विशेष पाप करना छोड़ देना होता है। पश्चाताप ईश्वर-भक्ति के शोक का परिणाम है (ध्यान दें 2 कुरिन्थियों 7:10); ''परमेश्वर भक्ति के शोक'' को ''संसारी शोक'' के विपरीत बताया गया है जिसका परिणाम मृत्यु होता है)। पश्चाताप के परिणामस्वरूप जीवन बदल जाएगा (प्रेरितों 26:20)। पश्चाताप के बाद जीवन में आने वाला बदलाव महत्वपूर्ण है। पिन्तेकुस्त के दिन, ''मन फिराव'' (पश्चाताप) की आज्ञा का तीन हज़ार लोगों ने *उसी दिन* पालन किया (प्रेरितों 2:38, 41), बेशक उस निर्णय को *कार्यान्वित* करने (अर्थात उनके जीवन बदलने) में कई दिन लग जाने थे।

मसीह – देखिए ''ख्रिस्तुस।''

महासभा (*Sunedrion* **)** – सुनेद्रियोन मिश्रित शब्द है जिसका अर्थ है ''मिल बैठना।'' सुनेद्रियोन को कई बार पंचायत से भी जोड़ा जाता है, जो बैठ कर न्याय करती थी (मत्ती 10:17)। परन्तु, आमतौर पर, नये नियम में यह शब्द यहूदी महासभा (यहूदी ''सर्वोच्च न्यायालय'') के लिये प्रयुक्त होता था। नये नियम में इस सभा को ''इस्राएल के पुरनियों का'' इकट्ठा होना (प्रेरितों 5:21) और ''पुरनियों'' की सभा (प्रेरितों 22:5) भी कहा गया है। इतिहास में सन्हेद्रिन सबसे पहले एक संस्था के रूप में 200 ईस्वी पूर्व अस्तित्व में आई, जो कि यहूदी कौम के आन्तरिक मामलों को संचालित करती थी। इसने यह भूमिका रोम के अधीन 66 ईस्वी तक निभाई जब तक यहूदियों ने रोमियों के विरुद्ध विद्रोह नहीं किया। परम्परागत तौर पर, सन्हेद्रिन में सत्तर सदस्य (वे स्वयं को मूसा की सत्तर की सभा के ऐतिहासिक उत्तराधिकारी मानते थे, गिनती 11:10-25)- और एक महायाजक होता था जो उनके प्रधान के रूप में कार्य करता था। सदस्यों का बहुमत सदूकियों के गुट से

होता था (प्रेरितों 5:17) (देखिए ''सदूकी''), परन्तु सभा में अल्पमत फरीसियों का गुट भी शक्तिशाली था (अधिकांश शास्त्री फरीसी ही होते थे) (देखिए ''फरीसी'')। सभा में शामिल लोगों की अन्य ज़िम्मेदारियों में, यहूदी विश्वास के स्वयं-नियुक्त संरक्षकों की ज़िम्मेदारियां थीं (नई डॉक्टरिनों तथा शिक्षकों को जांचना; देखिए व्यवस्थाविवरण 13)।

मारानाथा (*marana tha*) - ''मारानाथा'' अरामी भाषा के शब्दों - ''प्रभु'' और ''आना'' का मेल है। इसे इस प्रकार भी कहा जा सकता है (''प्रभु आ रहा है'') या फिर निरन्तर प्रार्थना के रूप में (कि ''हे प्रभु, आ!'')।

यहूदी मत धारण करने वाले (*proselutos*) - 'यहूदी मत धारण करने वाले' के लिए अंग्रेज़ी शब्द ''प्रोसिलाइट'' यूनानी शब्द प्रोसरकोमाय से सम्बन्धित है, जो उपसर्ग प्रोस (''को'' या ''ओर'') और अरकोमाय (''आना'') का मेल है। नये नियम में, इसका प्रयोग उन अन्यजातियों के लिए हुआ है जिन्होंने यहूदी धर्म ''की ओर आकर'' उसे ग्रहण कर लिया। यहूदी मत ग्रहण करने के लिए तीन रस्मों को पूरा करना होता था: (1) पुरुषों का खतना; (2) गवाहों के बीच बपतिस्मा (डुबकी); (3) बलिदान भेंट करना (जब तक मन्दिर रहा)। खतना की शर्त होने के कारण, पुरुषों की तुलना में अधिकतर महिलाएं यहूदी मत धारण करती थीं। गैरयहूदियों के बहुत से पुरुष ''परमेश्वर का भय'' रखने वाले थे - उनमें में जो लोग सच्चे परमेश्वर में विश्वास रखते थे, वे आराधनालय की उपासनाओं में शामिल तो होते थे परन्तु यहूदी मत धारण नहीं करते थे।

यीशु (*Iesous,* **उच्चारण में ''यासोस'')** - यह कहना सामान्य बात है कि ''यीशु'' का अर्थ ''उद्धारकर्ता,'' है परन्तु उद्धारकर्ता के लिए एक और यूनानी शब्द है: सोटर (The Soter)। जब स्वर्गदूत ने यूसुफ को बताया, कि ''तू उसका नाम यीशु [''यहोवा बचाता है''] रखना; क्योंकि *वह* अपने लोगों का उनके पापों से उद्धार करेगा'' (मत्ती: 1:21), तो स्वर्गदूत के कहने का अभिप्राय यह था कि यीशु ही यहोवा है। उन दिनों यह यूनानी नाम आम प्रचलित था (कुलुस्सियों 4:11; प्रेरितों 13:6)। यूनानी शब्द ''यीशु'' इब्रानी नाम ''यहोशू'' के समान ही है, जो कि ''यहोशुआ'' का संक्षिप्त रूप है, जिसका अर्थ है ''यहोवा बचाता है।''

राज्य (*basileia*) - यूनानी शब्द के अनुवाद ''राज्य'' का अर्थ है ''प्रभुता और शासन'' *विशेष* अर्थ में, यह परमेश्वर के अधिकार को बताने के लिए प्रयुक्त हुआ है। परमेश्वर हर एक पर शासन करता है, परन्तु नये नियम में ''राज्य'' लोगों को कहा गया है जिन पर परमेश्वर शासन करता है (अर्थात जिन्होंने उसके अधिकार में अपने आप को दे दिया है)। कई बार कलीसिया को राज्य कहा गया है (मत्ती 16:18); कई बार इसके लिए स्वर्गीय राज्य प्रयुक्त हुआ है (2 पतरस 1:11)। इसका ''परमेश्वर का'' या ''स्वर्ग का'' जैसे वाक्यांशों को सुधार कर नहीं निकाला जाता (ये शब्द एक दूसरे के विकल्प के रूप में प्रयुक्त होते हैं) बल्कि संदर्भ में तय किया जाता है। प्रेरितों की पुस्तक में, लूका ने ''राज्य'' कलीसिया को ही कहा है, परन्तु एक बार उसने स्वर्ग के लिए भी ''राज्य'' शब्द का उपयोग

किया है (प्रेरितों 14:22)।

सदूकी (*Saddoukaioi*) – सदूकियों का पंथ बाइबल के पुराने तथा नए, दोनों नियमों के अन्तराल में अस्तित्व में आया। ये लोग धनवान और कुलीन थे। फलस्तीन में वे अल्पमत में थे, परन्तु रोम के साथ सहयोग की उनकी इच्छा से उनके हाथ में काफी शक्ति और प्रभाव था। हेरोदेस महान के शासन से लेकर 70 ईस्वी में यरूशलेम के विनाश तक हर महायाजक इन्हीं के गुट में से होता था। सदूकी तर्कवादी थे (हम उन्हें धर्मशास्त्रीय ''उदारवादी'' नाम देंगे): वे आध्यात्मिक संसार, पुनरुत्थान, अथवा मृत्यु के बाद जीवन को नहीं मानते थे (मरकुस 12:18; प्रेरितों 23:6-8)। जब यहूदियों ने रोम के विरुद्ध विद्रोह किया, तो जेलोतेसों ने सदूकियों को रोमियों के साथ सहयोग करने के कारण मारा था।

सप्तति अनुवाद – ''सप्तति अनुवाद'' लातीनी भाषा से लिया गया है और इसका अर्थ है ''सत्तर''। सप्तति अनुवाद ई. पू. 3 में हुए पुराने नियम के यूनानी अनुवाद को कहा जाता है। परम्परा के अनुसार इसे सत्तर अनुवादकों ने बदला। विद्वानों द्वारा अनुवाद के काम को सामान्यत: रोमी अंक सत्तर (LXX) से जाना जाता है। यीशु और उसके प्रेरित सामान्यत: यूनानी अनुवाद का ही हवाला देते थे, जो यह समझाने में सहायक है कि उनके द्वारा उद्धृत आयतों में पुराने नियम के मूल इब्रानी भाषा से मामूली सा अन्तर उसके अनुवाद के कारण ही था।

सुसमाचार (*euangelion*) – ''सुसमाचार'' को मिश्रित यूनानी शब्द यूएंजलियोन से अनुवाद किया गया है। उर्दू में इसे इंजील कहा जाता है। यू का अर्थ है ''शुभ'' या ''अच्छा।'' एंजलियोन का अर्थ है ''संदेश,'' ''समाचार'' या ''ख़बर''। इस प्रकार इसका अर्थ ''शुभ समाचार'' या ''खुशी की ख़बर'' हुआ। इसका अर्थ कोई भी शुभ समाचार हो सकता है, परन्तु नये नियम में इसका अर्थ यीशु के सुसमाचार को कहा गया है। पौलुस ने इस ''शुभ समाचार'' के सार को मसीह के मारे जाने, गाड़े जाने और जी उठने की सच्चाई के तीन पहलुओं से दिखाया है (1 कुरिन्थियों 15:1-4)। क्योंकि हमें सुसमाचार को ''मानना'' है (रोमियों 10:16; 1 पतरस 4:17; 2 थिस्सलुनीकियों 1:8), इसलिए सम्पूर्ण सुसमाचार में जो कुछ यीशु ने हमारे लिए किया, हमें उसे स्वीकार करना चाहिए।